दैनिक भास्कर
राजनांदगांव 19-02-2026

# हॉकी खिलाड़ी ने डीपीएस सैनिक स्कूल के कैडेट्स को किया प्रेरित



राजनांदगांव. कैडेट्स के सभी सवालों का उत्तर दिया।

राजनांदगांव| अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मीर रंजन नेगी को डीपीएस सनक स्कूल में कैडेट्स को प्रेरित करने आमंत्रित किया गया। उन्होंने कैडेट्स को एक प्रेरणादायक मोटिवेशनल स्पीच दी। उन्होंने जीवन में अनुशासन, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के महत्व को बताया। अपने संघर्षों के अनुभव साझा कर कैडेट्स को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, असफलता से नहीं डरने, देश सेवा के लिए सदैव तैयार रहने का संदेश दिया। कैडेट्स के प्रश्नों का जवाब दिया। स्कूल के कमांडेंट विनय बिश्नोई ने उनका आभार व्यक्त किया।